ISSN: 2583-8849
साहित्य रत्न ई-पत्रिका अगस्त2023 वर्ष1 अंक4

# 'बुरे वक्त में साथ दे, मित्र उसी को मान'

बारिश होती जब कभी, ठंडी बहे समीर।
चमके दमके दामिनी, मिटती मन की पीर।।

सावन आया झूम के, बारिश का है जोर।
आई रौनक बाग में, नाच रहे हैं मोर।।

बूढ़े होते पेड़ भी, गर्मी के दिन चार।
रिमझिम बारिश देखकर, आती सदा बहार।।

आंधी बारिश हो कभी, मन में उठे उमंग।
देख नजारे प्रकृति के, दिल में उभरे रंग।।

नभ पर बादल चल रहे, बारिश का है जोर।
गरज चमक के संग में, नाचे मन का मोर।।

धुंध कोहरा देखकर, सूझे मन में बात।
चलना फिरना है कठिन, बारिश मय हो रात।।

बारिश की बौछार से, हुए प्रसन्न किसान।
मिली नई-सी जिंदगी, तरु में आई जान।।

तेरी मेरी पीर को, क्यों जाने संसार।
खुदगर्जी के वक्त में, भूल गये जन प्यार।।

बुरा वक्त अब आ गया, बेचे लोग जमीर।
आन बान से जी रहे, उनको होती पीर।।

बुरे वक्त में साथ दे, मित्र उसी को मान।
कठिन दौर इंसान का, करवाता पहचान।।

सोच समझ करते रहो, मुद्दे पर संवाद।
वक्त बीत जाये कभी, आती बीती याद।।

कोटि कोटि आभार है, देव तुम्हारा आज।
जीवजगत संसार पर, करते हो तुम राज।।

डा. होशियार सिंह यादव

जन्म-1/07/1969
पिता -श् स्व. श्री जयनारायण
मां - स्व मिश्री देवी
शिक्षा- एम.ए., एम.एस.सी., पीएचडी
रचनाएं- अब तक विभिन्न विषयों पर 36 पुस्तकें प्रकाशित। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोधपत्र प्रकाशित, विभिन्न पत्र एवं पत्रिकाओं में कहानी, लेख, मुक्तक, क्षणिकाएं, प्रेरक प्रसंग, कविताएं प्रकाशित होती रहती हैं।
व्यवसाय-शिक्षक,लेखक एवं पत्रकार
सम्मान-हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा कहानी लेखन में प्रथम पुरस्कार महेंद्रगढ़ न्यायाधीश द्वारा रजत पदक से सम्मानित।
अरुंधती वशिष्ठ अनुंसधान पीठ द्वारा देशभर से आयोजित निबंध लेखन में एक्सीलेंस अवार्ड। हरियाणा के राज्यपाल से पुरस्कृत।
2-प्रशासन द्वारा तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदत्त करीब एक सौ अवार्ड एवं सर्टिफिकेट्स
3-लेखन कार्य में करीब 500 सर्टिफिकेट्स
4- महामहिम राज्यपाल हरियाणा द्वारा नारद पुरस्कार से सम्मानित
5-जैव विविधता पर प्रदेश हरियाणा में प्रथम पुरस्कार
6- तीन शोध भी प्रकाशित
7. भारतीय शिक्षा अवार्ड से सम्मानित
8. अनेकों संस्थाओं द्वारा अवार्ड

पता-
कनीना,जिला महेंद्रगढ़ , हरियाणा
मोबाइल-09416348400 और 9306300700